Name	Place	Date	Page
Dainik Dholamaru	Delhi	18 May 2019	2

यूआरएस मीडिया कंसल्टिंग द्वारा आयोजित 11वां संस्करण एशियन बिजनेस एण्ड सोशल फोरम दुबई में

दिल्ली। 11वां संस्करण एशियन बिजनेस एण्ड सोशल फोरम और 5वां संस्करण वर्ल्ड्स ग्रेटेस्ट ब्रांड्स एण्ड लीडर्स 2018-19 का भव्य आयोजन दुबई के जे डब्लू मैरियट मार्की होटल में किया गया। भारत से अडानी रियल्टी, रेवा यूनिवर्सिटी, रुबन मैमोरियल हॉस्पिटल और अपोलो लोजिसोल्युशन्स लिमिटेड तथा राजा कंवर को वर्ल्ड्स ग्रेटेस्ट ब्रांड्स एण्ड लीडर्स के रूप में सम्मानित किया गया। अन्य विजेताओं में शामिल थे बांग्लादेश से बशुंधरा ग्रुप और अहमद अकबर सोभन, बंगाल कम्युनिकेशंस लिमिटेड और अस्फर खैर, यूनिवर्सल ग्रुप और सोहानी होसैन; यूएई से एलसी वेल डीएमसीसी और लाल चंद; कांगो से हिज एक्सिलेंसी जियाउद्दीन आदिल; थाईलैंड से ब्लू होराईजन डेवलपमेंट्स और एंड्रीस पीरा; अफगानिस्तान से अजीजी बैंक और श्री मोहम्मद सालेम ओमेद। इस शानदार कार्यक्रम को अपनी उपस्थिति से विशेष बनाने में निम्नलिखित लोगों ने योगदान दिया: श्री मोहम्मद नासिर हमदान अल जाबी, डायरेक्टर, ट्रेड प्रमोशन डिपार्टमेंट, मिनिस्ट्री ऑफइकॉनमी, यूएई; हर एक्सिलेंसी

डॉ सारा अल मदानी; और यूएई में जापान, टर्की, इंडोनेशिया, घाना और फिलीपींस के कौंसल जनरल।

फोरम में एक्सक्लुसिव तौर पर 11 'एशिया वन पर्सन ऑफ द ईयर', उद्योग व समाज में अपने खास कार्य के लिए सम्मानित किये गए। इस 16 उद्योगों की फोरम में 120 से ज्यादा ब्रांड और लीडर अवार्ड विजेताओं को सम्मानित किया गया, यूएई, बांग्लादेश, कांगो, थाईलैंड, अफगानिस्तान आदि देशों के 350 से ज्यादा लोगों की मौजूदगी में। एशियावन और यूआरएस मीडिया के ग्लोबल हेड, श्री रजत शुकल ने बताया कि अगली प्राइड ऑफ दी नेशन इंडिया सीरीज बिजनेस समिट; 12वां संस्करण एशियन बिजनेस एण्ड सोशल फोरम और 4था संस्करण इंडियाज ग्रेटेस्ट ब्रांड्स एण्ड लीडर्स 2018-19, भारत एवं अन्य देशों में ब्रांड्स एण्ड लीडर्स के अतुलनीय प्रमोशन का वादा करते हुए मुंबई के ताज लैंड्स एण्ड होटल में 26 अगस्त, 2019 को आयोजित होने जा रही है। यूआरएस मीडिया कंसल्टिंग पी. एल. एक अग्रणी इंटरनेशनल मीडिया हाउस और रिसर्च कंपनी है, जिसका एशियावन के नाम से इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट फॉर्मेट में बिजनेस व न्यूज प्रकाशन है। इसके पाठक एशिया और मिडिल ईस्ट के निम्नलिखित 15 देशों में मौजूद हैं: भारत, यूएई, सिंगापुर, हांगकांग- चीन, कतर, थाईलैंड, सऊदी अरब, इजिप्ट (मिस्र), बहरीन, अफगानिस्तान, ओमान, बांग्लादेश, श्रीलंका, इंडोनेशिया और कुवैत।